बिहार को अनाज की सप्लाई

*771. श्री रामावतार शास्त्री :
श्री चन्द्रशेखर सिंह :
श्री योगेन्द्र शर्मा :
श्री क० मि० मधुकर :
श्री जगेश्वर यादव :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार को उस राज्य के अकालग्रस्त क्षेत्रों के लोगों के लिये जून के महीने में केन्द्रीय सरकार से सवा दो लाख टन अनाज मिलने की संभावना थी;

(ख) क्या बिहार के खाद्य मंत्री द्वारा 13 जून, 1967 को बिहार विधान सभा में दिये गये वक्तव्य के अनुसार 11 जून, 1967 तक बिहार को केवल 29 हजार मीट्रिक टन अनाज दिया गया था, जबकि उस राज्य को उस तारीख तक एक लाख टन अनाज दिया जाना था;

(ग) क्या कम अनाज दिये जाने के परिणामस्वरूप बिहार में राशन व्यवस्था ठप्प हो जाने तथा अनाज के मूल्य बढ़ जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो बिहार सरकार को पूरा कोटा न भेजे जाने के क्या कारण हैं और इस सम्बन्ध में क्या प्रबन्ध किया जा रहा है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां। बिहार को जून के लिये खाद्यान्नों (गेहूं तथा माइलो) का मूल आवंटन 2.25 लाख मीटरी टन था।

(ख) बन्दरगाहों से संचलन और डिपों से सप्लाई सहित 10-6-67 तक 36,400 मीटरी टन खाद्यान्न भेज गये थे। इस अवधि में बिहार को संचलन धीमे हुआ। यह मुख्यतः देश की अन्य बन्दरगाहों पर कम आमद और उपलब्धि होने तथा कलकत्ता बन्दरगाह से पश्चिमी बंगाल और असम को स्टाक भेजने के कारण हुआ था।

(ग) बिहार में खाद्यान्नों के वितरण में सख्ती रहेगी क्योंकि बिहार को जो सप्लाई पहुंच रही है वह पर्याप्त नहीं होगी। तथापि, यह आशा है कि वहां पर वितरण ठप्प नहीं होगा।

(घ) वास्तविक सप्लाई वास्तविक उपलब्धि पर निर्भर करती है जोकि हाल ही में स्वेज नहर के बन्द हो जाने से अत्यधिक सीमित हो गयी है। उपलब्धि तथा अन्य क्षेत्रों की न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप बिहार को अधिकतम मात्रा भेजने के लिये सभी प्रयत्न किये जा रहे हैं।

मध्य प्रदेश के लिये खाद्यान्न का नियतन

*772. श्री नाथूराम अहिरवार :
श्री गं० चं० दीक्षित :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री अचल सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री मोतिराज सिंह चौधरी :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्र द्वारा मध्य प्रदेश के लिये नियत किये खाद्यान्न के मासिक कोटे की पूरी सप्लाई जनवरी, 1967 से मई, 1967 तक की अवधि में नहीं की गई है;